Regarding alleged irregularities in construction of NH-730C in Shahjahanpur Parliamentary Constituency-laid

श्री अरुण कुमार सागर **(**शाहजहाँपुर**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर की विधानसभा कटरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-730 सी के खण्ड कटरा-रडहाते (23 किमी0) के निर्माण कार्य में कथित तौर पर घटिया सामग्री का प्रयोग करके मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से कार्य की गुणवत्ता अत्यधिक निम्न स्तर की है । घटिया निर्माण कार्य के कारण सरकारी धन का न केवल काफी दुरूपयोग हो रहा है, बल्कि सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है । ये सब अनियमित्तायें अधिकारियों की मिलिभगत से कार्यदायी एजेंसी द्वारा की जा रही हैं ।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय जनपद में शाहजहाँपुर (उ०प्र०) में उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर करवाए जा रहे कार्य की मंत्रालय स्तर पर एक उच्च स्तरीय तकनीकी गठित करके विस्तृत जाँच करवाकर इसमें संलिप्त कार्यदायी एजेंसी और दोषी अधिकारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए ।